170/21

Annex - (4)

: of Chi
uit Cle

Distric
Section

Section
f Gram
litional

आकस्मिक निरीक्षण

आज दिनांक 09.11.2021 को समय 10:35 से 11:25 बजे के मध्य मेरे द्वारा न्यायालय परिसर में स्थित विभिन्न न्यायालयो एवं कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

समय लगभग 10:35 मिनट पर न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या–1, मीरजापुर का निरीक्षण किया गया। उस समय पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालय में नही बेठी थी। उनके लिपिक द्वारा बताया गया कि पीठासीन अधिकारी अपने विश्राम कक्ष में है।

समय करीब 10:37 बजे न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट), मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करते हुए पाये गये।

समय प्रातः 10:38 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष सं0 03, मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये।

समय लगभग 10.40 बजे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मिर्जापुर के न्यायालय का निरीक्षण किया गया। पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करती हुई पायी गयीं।

समय प्रातः 10:42 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष सं0 05, मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये।

समय प्रातः 10:43 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट), मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये।

समय 10:45 बजे सिविल जज, अवर खण्ड, मीरजापुर से सम्बन्धित न्यायालय का निरीक्षण किया गया। न्यायालय के पेशकार द्वारा बताया गया कि पीठासीन अधिकारी सुश्री आकृति गौतम अवकाश पर हैं।

प्रातः 10:47 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय–द्वितीय, मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये।

समय लगभग 10:48 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय–प्रथम, मीरजापुर उस समय पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालय में नही बैठे थे। उनके लिपिक द्वारा बताया गया कि पीठासीन अधिकारी अपने विश्राम कक्ष में है।

समय करीब 10:50 बजे द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करते हुए पाये गये।

समय करीब 10:51 बजे सिविल जज (सी0डि0)/एफ0टी0सी0, मीरजापुर के न्यायालय का निरीक्षण किया गया। पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हैं।

समय करीब 10:52 बजे अपर सिविल जज (जू0डि0), न्याय कक्ष सं0 05, मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करती हुई पायी गयी।

समय करीब 10:53 बजे अपर सिविल जज (जू0डि0), न्याय कक्ष सं0 07, मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करती हुई पायी गयी।

समय लगभग 10:55 बजे अपर सिविल जज (सी0डि0), मिर्जापुर अपने न्यायालय में कार्य करते हुए नहीं पाये गये। उस समय पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालय में नही बैठे थे। उनके लिपिक द्वारा बताया गया कि पीठासीन अधिकारी अपने विश्राम कक्ष में है।

समय करीब 10:56 बजे विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट), मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करते हुए पाये गये।

इसी कम में समय लगभग 10.59 बजे न्यायिक मजिस्ट्रेट, मिर्जापुर के न्यायालय का निरीक्षण किया गया। पीठासीन अधिकारी किशोर न्याय बोर्ड, मिर्जापुर में हैं।

समय प्रातः 11:00 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष सं0 06, मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये।

समय लगभग 11:02 बजे सिविल जज (सी0डि0), मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करते हुए पाये गये।

समय लगभग 11:03 बजे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–प्रथम, मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करती हुई पायी गयी।

इसी कम में समय करीब 11.07 बजे सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0, महिलाओं के विरूद्ध कारित अपराध से सम्बन्धित न्यायालय का निरीक्षण किया गया। पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हैं।

समय करीब 11:09 बजे अपर सिविल जज (जू0डि0), न्याय कक्ष सं0 04, मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करती हुई पायी गयी।

समय लगभग 11:10 बजे अपर सिविल जज (जू0डि0), न्याय कक्ष सं0 06, मीरजापुर के निरीक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालय में कार्य करती हुई पायी गयी।

समय लगभग 11:15 बजे सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0,

मीरजापुर के निरीक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालय में कार्य करती

हुई पायी गयी।

इसी क्रम में मेरे द्वारा समय लगभग 11.20 बजे कम्प्यूटर अनुभाग का

निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारीगण उपस्थित पाए गए।

दौरान निरीक्षण यह पाया गया कि कम्प्यूटर अनुभाग में आत्मसमर्पण प्रार्थना–पत्र,

वांक्षित आख्या, संस्वीकृति हेतु प्रार्थना पत्र एवं वारण्ट रिकाल प्रार्थना–पत्र भी दर्ज

किए जाते हैं। इस सम्बन्ध में नोडल आफीसर कम्प्यूटर अपनी आख्या माननीय

उच्च न्यायालय के परिपत्रों के सापेक्ष तीन दिन में प्रस्तुत करें।

दौरान निरीक्षण यह पाया गया कि पार्क में काफी गन्दगी है एवं घास

की कटिंग नहीं हुई है तथा न्यायालय परिसर में कई स्थान पर पान की पीक का

ढेर लगा है। जगह जगह कूड़े का ढेर एवं गंदगी एकत्रित पायी गयी। न्यायालय

परिसर के अन्दर रास्ते के किनारे किनारे घास व अनावश्यक पेड पौधे उगे पाये

गये। अतः प्रभारी अधिकारी नज़ारत को आदेशित किया जाता है कि वे सम्बन्धित

को निर्देशित कर साफ सफाई करवाना सुनिश्चित करें एवं न्यायालय परिसर की भी

नियमित सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण आख्या समस्त पीठासीन अधिकारियों के मध्य परिचारित

किया जाये। निरीक्षण के समय न्यायालय में अनुपस्थित पाये गये पीठासीन

अधिकारी अपना स्पष्टीकरण दिनांक 10.11.2021 के अपरान्ह 4.00 बजे तक अवश्य

प्रस्तुत करें।

इस निरीक्षण टिप्पणी की एक प्रति अनुपालन के उपरान्त माननीय

उच्च न्यायालय को सूचनार्थ भेजी जाय।

(शिव कुमार–प्रथम)
जनपद न्यायाधीश,
मिर्जापुर।

दिनांकः 09.11.2021

10.11.21